
आज़ादी का अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 04.04.2022 से 10.04.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## करनाल दौरा

(दिनांक 04.04.22)




**विषय: करनाल दौरा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने करनाल का दौरा किया। जिसमें उन्होंने करनाल के लिए कई महत्वपूर्ण विकास की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और कई संस्थाओं का औचक निरीक्षण भी किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी कहा कि हेल्थ वैलनेस सेंटर व व्यायामशाला में योग शिक्षकों व डायटिशियन की जरूरत को जल्द ही पूरा किया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री जी ने खरकाली व स्टौंडी में हैल्थ वैलनेस सैंटर, रसीन में व्यायामशाला का निरीक्षण करके कही।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने सभी अधिकारियों को गावों में बेहतरीन व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश भी दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री जी ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए हरियाणा सरकार ने गांव के स्तर पर हेल्थ वैलनेस सैंटर, व्यायामशालाएं स्थापित की हैं। जिन संस्थानों में योग शिक्षक तथा डायटिशियन की जरूरत है, उन्हें जल्द पूरा करवा दिया जाएगा ताकि लोग दवाईयों से बचें और योग व ध्यान से जुड़कर निरोग रहें। एक स्वस्थ व्यक्ति ही समाज के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने युवाओं से भी बातचीत की और कहा कि वह खेलों से जुड़ें और गांव की व्यायामशाला में प्रमुख खेल कबड्डी के लिए खेल का मैदान तैयार करें। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे जैसी बुराई से दूर रहें और खेलों के प्रति रूचि बढ़ाएं, क्योंकि खेलों से अनुशासन की भावना पैदा होती है। उन्होंने वरिष्ठजनों से भी अनुरोध किया वे युवाओं का सही मार्गदर्शन करें और होनहार युवाओं का लेकर समाज के सर्वांगीण विकास में अपनी भूमिका निभाएं। इसके बाद मुख्यमंत्री जी ने घरौंडा के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल का औचक निरीक्षण किया और जिला शिक्षा अधिकारी तथा स्कूल के प्रिंसिपल इंद्रजीत कालिया से व्यवस्थाओं तथा विद्यार्थियों के बारे में जानकारी ली।



# साप्ताहिक सूचना पत्र


## वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

(दिनांक 04.04.22)



**विषय: वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री ने करनाल से सोनीपत जाते हुए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पानी को न केवल ट्रीटेड करना है बल्कि इसे दोबारा इस्तेमाल भी करना है। इसके लिए मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिए और ट्रीटेड पानी के दोबारा इस्तेमाल पर जोर देने के लिए कहा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमें न केवल पानी को ट्रीटमेंट प्लॉट में ट्रीटेड करना है बल्कि इसे दोबारा इस्तेमाल भी करना है। तभी ट्रीटमेंट प्लॉट लगाने का फायदा है। पानी की एक–एक बूंद कीमती है। आज पानी बचाएंगे तो कल आने वाली पीढ़ी को दे पाएंगे। सरकार आए दिन पैसा खर्च करके वाटर ट्रीटमेंट प्लॉट लगा रही है। इन प्लॉट को लगाने का तभी फायदा है जब हम इस पानी को इंडस्ट्री व अन्य जगह पर दोबारा इस्तेमाल करें। ट्रीटेड पानी को इस्तेमाल करने के लिए इंडस्ट्री के साथ–साथ लोगों को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। इस पानी को कई जगह इस्तेमाल किया जा सकता है। आज पूरे समाज को हर तरीके से पानी को बचाने की जरुरत है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## सोनीपत में राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन
(दिनांक 04.04.22)




**विषय: सोनीपत में राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज सोनीपत पहुंचकर केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी के तत्वधान में पूर्ण हुई विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा को पॉड टैक्सी चलाने वाला पहला राज्य बनाना है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा के 30 शहरों में रेलवे ओवरब्रिज या अंडर पास बनाए जाने की मांग भी नितिन गडकरी जी के सामने रखी। मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी की तारीफ करते हुए कहा कि उनके द्वारा देशभर में रोड बनाने की गति, इन रोड पर चलने वाले वाहनों की गति से भी ज्यादा है। प्रदेश में तेजी से सड़कों का नेटवर्क मजबूत हो रहा है, यह नेटवर्क जितना मजबूत होगा, उतना ही रोजगार के अवसर पैदा होंगे और प्रदेश उन्नति की तरफ बढ़ेगा।उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी हमेशा नई तकनीक पर काम करते हैं। उनकी सोच वैज्ञानिक है, पिछले दिनों ही उन्होंने खुद हाईड्रोजन से



# साप्ताहिक सूचना पत्र

चलने वाली कार चलाई। पेट्रोल–डीजल की समस्या को खत्म करने के लिए वे एथनॉल इस्तेमाल पर जोर दे रहे हैं। पहाड़ों के लिए रोप–वे चलाई। आजकल हवा में चलने वाली टैक्सी (पॉड टैक्सी) पर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय मंत्री को आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार पॉड टैक्सी की योजना बनाए, हम केंद्र सरकार का पूरी तरह से सहयोग करने के लिए तैयार हैं। हरियाणा पॉड टैक्सी सर्विस चलाने वाला पहला राज्य बनना चाहता है। इसके लिए जो भी सहयोग करना होगा किया जाएगा।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि केंद्र सरकार ने हरियाणा के लिए 17 नेशनल हाईवे की घोषणा की थी, जिनमें से 4 या 5 को छोड़ दें तो अधिकतर हाईवे का काम पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री ने सोनीपत जिले को लोगों को बधाई देते हुए कहा कि आज लोकार्पित की जा रही दो परियोजनाएं तो सीधे तौर पर उनसे जुड़ी हैं, जिसमें गोहाना से यूपी बॉर्डर हाईवे और बहालगढ़ से पानीपत वाला रोड शामिल है।


## GVM कॉलेज सोनीपत के ऑडिटोरियम का उद्घाटन

(दिनांक 04.04.22)

**विषय: GVM कॉलेज सोनीपत के ऑडिटोरियम का उद्घाटन।**





**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज सोनीपत के GVM कॉलेज पहुंचकर वहां नए बने सभागार का उद्घाटन किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 1 लाख 80 हजार तक की आय वाले परिवारों की बेटियों को अब स्नातकोत्तर तक निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। फिर चाहे बेटियां भले ही निजी शिक्षण संस्थानों से शिक्षा ग्रहण करें अथवा राजकीय संस्थानों से शिक्षा ले। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार बहन–बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर न जाना पड़े, इसके लिए प्रति 20 किलोमीटर क्षेत्र में कॉलेज स्थापित किया है। अभी तक 150 कालेज स्थापित किये जा चुके हैं और जहां यहा सुविधा नहीं है वहां बेटियों को 150 किलोमीटर तक की निःशुल्क बस पास की सुविधा दी गई है। इसके लिए स्पेशल 150 महिला बसें चलाई गई हैं। बेटियों की शिक्षा में कोई अड़चन नहीं आने दी जाएगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हरियाणा विधानसभा का विशेष सत्र

(दिनांक 05.04.22)



**विषय: हरियाणा विधानसभा का विशेष सत्र।**


**प्रभाव:** चंडीगढ़ के मुद्दे को लेकर आज हरियाणा विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया। सत्र में सबसे पहले शोक प्रस्ताव पढ़े गये और सदस्यों ने सदन में दो मिनट का मौन रखा तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

तत्पश्चात माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा चंडीगढ़ पर हरियाणा विधानसभा में संकल्प प्रस्ताव लाया गया जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इस दौरान पूरे सदन ने ध्वनिमत से प्रस्ताव का खुलकर समर्थन किया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह प्रस्ताव चंडीगढ़ पर हरियाणा के हक के लिए लाया गया है। चंडीगढ़ पर जो हक हरियाणा का बनता है वह पंजाब को देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चंडीगढ़ पर हरियाणा का अधिकार है। एसवाईएल का पानी निष्चित तौर पर हरियाणा को मिलेगा। इसके साथ–साथ उन्होंने पंजाब में शामिल हिंदी भाषी गांवों का मुद्दा भी विधानसभा में उठाया।

संकल्प प्रस्ताव पर बोलते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जो हरियाणा का है उसे हरियाणा से कोई भी छीन नही सकता। हमें हरियाणा के लोगो के हक के लिए जो भी करना पड़ेगा वो हम करेंगे।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## कैबिनेट की बैठक

(दिनांक 05.04.22)




**विषय: कैबिनेट की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ सचिवालय में कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

मंत्रिमण्डल की बैठक में 'हरियाणा चौकीदार (वॉचमैन) रूल्स, 2011' के प्रशासनिक नियंत्रण को हरियाणा के गृह विभाग से विकास एवं पंचायत विभाग में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

- निजी सुरक्षा एजेंसियों के नियम, 2022 बनाए। उक्त अधिनियम का उद्देष्य निजी सुरक्षा एजेंसियों के कामकाज का संचालन करना है ताकि वे एक कानूनी ढांचे के भीतर काम करें और एक नियामक तंत्र के प्रति जवाबदेह हों।
- मंत्रिमण्डल की बैठक में तीन राज्य पुलिस पुरस्कार देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इनमें वीरता के लिए मुख्यमंत्री–पदक, जांच में उत्कृष्टता के लिए गृहमंत्री–पदक और अन्य बेहतर कार्य करने के लिए 'हरियाण ाा पुलिस उत्तम सेवा–पदक' दिया जाएगा।
- एक खेल के कई विशयों हेतू' राज्य की नीति के अनुसार दिए जाने वाले लाभ जैसे कि खिलाडियों को नौकरी, ग्रेडेशन प्रमाण पत्र, नकद पुरस्कार, मानदेय और छात्रवृत्ति सहित अन्य लाभ को देने के लिए नियमों में संशोधन को मंजूरी दी गई। उक्त संशोधन के अनुसार 'इवेंट' को 'एक खेल के कई विशयों के रूप में परिभाशित किया जा सकता है जो कि भार वर्ग तक सीमित नहीं है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र


उदाहरण के लिए विश्व चौम्पियनशिप, एशियाई चौम्पियनशिप, राष्ट्रमंडल खेलों, राष्ट्रमंडल चौम्पियनशिप, राष्ट्रीय खेलों और राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में कुल 10 भार वर्गों में कुश्ती खेली जाती है, जबकि ओलंपिक खेलों और एशियाई खेलों में केवल छह भार वर्ग में ये खेल खेले जाते हैं। इसी तरह, मुक्केबाजी (पुरुष) विश्व चौम्पियनशिप, एशियाई खेलों, एशियाई चौम्पियनशिप, राष्ट्रमंडल खेल, राष्ट्रमंडल चौम्पियनशिप, राष्ट्रीय खेल और राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में कुल 10 भार वर्गों में भी खेली जाती हैं जबकि ओलंपिक खेलों में केवल छह भार वर्ग में ये खेली जाती हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इसमें एक खिलाड़ी की गलती नहीं है कि उसका भार वर्ग ओलंपिक, एशियाई या राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल नहीं है, यह तकनीकी रूप से भी बहुत मुश्किल है (और कुछ मामलों में एक खिलाड़ी के लिए अपना भार वर्ग बदलना और नए सिरे से शुरुआत करना लगभग असंभव है। इसलिए यहाँ संशोधन किया गया है।

- इसके साथ ही हरियाणा ने एनसीआर राज्यों की शैक्षणिक संस्थानों की बसों को हरियाणा में प्रवेश व संचालन के लिए मोटर वाहन कर के भुगतान से छूट प्रदान कर दी गई।
- लकड़ी आधारित उद्योग (स्थापना और विनियमन) नियम, 2022 के संबंध में एक प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। ये नियम लकड़ी आधारित उद्योग (स्थापना और विनियमन) दिशानिर्देश, 2016 की अधिसूचना की तिथि से लागू होंगे और पूरे राज्य में लागू होंगे।

इन नियमों के तहत हर पांच साल में लकड़ी आधारित उद्योगों के लिए लकड़ी की उपलब्धता का आंकलन करने, विभिन्न कच्चे माल की मात्रा का आंकलन करने के लिए, लकड़ी आधारित उद्योग के लिए सामग्री की आवश्यकता, जिसे राज्य में वन क्षेत्रों के बाहर के पेड़ों से स्थायी रूप से काटा जा सकता है, और राज्य में घरेलू बाजारों में लकड़ी और अन्य वन उपज की वार्षिक आवष्यकता का आंकलन करने सहित पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री के क्षेत्रीय कार्यालय के प्रतिनिधि सहित आठ सदस्यीय राज्य स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा।इन नियमों के नियम–6 के प्रावधानों के अनुसार फर्नीचर निर्माण इकाइयां, लकड़ी के खिलौने और हस्तशिल्प, फाइरवुड डिपों इत्यादि को इन नियमों मे छूट दी जाएगी।

- मंत्रिमण्डल की बैठक में हरियाणा ग्रामीण विकास निधि प्रशासन बोर्ड में पेंशन योजना का कार्यान्वयन और हरियाणा ग्रामीण विकास निधि प्रशासन बोर्ड कर्मचारी पेंशन और सामान्य भविश्य निधि नियम, 2022 के भुगतान और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान को विनियमित करने के एक प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई।
- इसके अतिरिक्त बैठक में मोरनी शिक्षा ब्लाक या नूंह जिले में स्थित स्कूलों में नियुक्त इच्छुक शिक्षकों को मूल वेतन का अतिरिक्त 10 प्रतिशत देने का निर्णय भी लिया गया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## BJP स्थापना दिवस रैली

(दिनांक 06.04.22)




**विषय: BJP स्थापना दिवस रैली।**

**प्रभाव:** पार्टी के स्थापना दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कुरुक्षेत्र में आयोजित रैली को संबोधित किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कुरुक्षेत्र जिले को 317 करोड़ रुपये की 91 योजनाओं की सौगात भी दी। इसके अलावा 14.30 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 4 बड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

कुरुक्षेत्र के पिहोवा में आयोजित स्थापना दिवस रैली में पहुंचकर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले के पिहोवा, थानेसर, लाडवा और शाहाबाद के लिए यहां के जन प्रतिनिधियों ने जो भी मांग रखी थी, उनमें से लगभग सभी को मंजूर कर लिया है। उन्होंने पिहोवा सरोवर के विकास के लिए साढ़े 9 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। इसका कार्य कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र नगर पालिका और पंचायतों के लिए 200 करोड़ रुपये का बजट देने की भी घोषणा की। इसके साथ–साथ पशु अस्पताल ईस्माईलाबाद, लाडवा में कम्युनिटी सेंटर, पिहोवा में नेता ईश्वर दयाल के नाम पर पार्क, पिहोवा में मोर्चरी और 50 बेड का अस्पताल, लाडवा में प्राइमरी हेल्थ सेंटर की नई बिल्डिंग, जिले में मार्केटिंग बोर्ड की 25 सड़कों के लिए 21 करोड़ रुपये, पिहोवा में नेशनल हाईवे की साइड पर नए सेक्टर का निर्माण, सिंचाई से जुड़ी 9 मांगों को मंजूरी, नरवाणा ब्रांच पर 24 करोड़ की लागत से नया स्टील ब्रिज, 150 वाटर रिचार्जिंग ट्यूबवेल, सरस्वती तीर्थ के लिए साढ़े 9 करोड़ रुपये, कुरुक्षेत्र सर्किट हाउस के लिए 52 करोड़ रुपये, सब डिविजन लाडवा की बिल्डिंग के लिए 25 करोड़ रुपये, सब डिविजन पिहोवा में 2 करोड़ की की लागत से स्टेडियम बनाए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमने जो कहा, उसे पूरा किया आज का दिन विशेष है, पार्टी का 42वां



# साप्ताहिक सूचना पत्र

स्थापना दिवस है। भाजपा दूसरी पार्टियों की तरह नहीं है, जो केवल सत्ता भोगने के लिए आती हैं। इस पार्टी का लक्ष्य समाज की सेवा और देश की सेवा करना है। हमने जो कहा है, उसे पूरा किया है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ के समय धारा–370 हटाने की बात कही थी, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसे करके दिखाया है। भगवान राम के मंदिर को बनाने की बात की थी, अभी अयोध्या में निर्माण चल रहा है। भाजपा 1984 में 2 सदस्यों के साथ चली थी, धारा प्रवाह काम करते–करते अधिकांश राज्यों के साथ–साथ केंद्र में भी उन्होंने सरकार बनाई है।

आज पार्टी जिस भी मुकाम पर खड़ी ही उसके पीछे उसके कार्यकर्ताओं की मेहनत और संघर्ष है।

## गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व के संबंध में

**(दिनांक 06.04.22)**

**विषयः गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व के संबंध में।**


**प्रभावः** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में भक्ति गीत और पोस्टर का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 24 अप्रैल को पानीपत में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मार्च 2021 से, हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व के उत्सव के उपलक्ष्य में देश में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम पहले ही शुरू हो चुके हैं। हालांकि, कोरोना महामारी के कारण हरियाणा में अधिकांश कार्यक्रम नहीं हो पाए, लेकिन अब राज्य सरकार ने 24 अप्रैल, 2022 को राज्य स्तरीय समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। और इस राज्य स्तरीय समारोह के सफल आयोजन के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह की अध्यक्षता में इवेंट मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया गया है।

उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाएं न केवल हमारे लिए एक दुर्लभ विरासत हैं बल्कि एक मजबूत और नैतिक रूप से प्रबुद्ध समाज के निर्माण के लिए सबसे महत्वपूर्ण नींवों में से एक हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज हमारा परम कर्तव्य बनता है कि श्री गुरु तेग बहादुर जी और अन्य धर्म गुरुओं और संतों की शिक्षाओं, विचारधाराओं और दर्शन को समाज में, विशेषकर युवाओं में प्रचारित प्राप्त करें। सरकार के साथ–साथ सामाजिक और धार्मिक संस्थान भी समाज को सांस्कृतिक रूप से आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान के कारण ही पूरी मानवता ने उन्हें 'हिंद की चादर' की उपाधि से नवाजा है।

उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने न केवल हिंदुओं को जबरन धर्मांतरण से बचाया, बल्कि उन्होंने कश्मीरी पंडितों की भी बहुत मदद की, जो मुगल सम्राट औरंगजेब के दबाव में जीवन जी रहे थे।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## इण्डो–कनाडा चैम्बर आफ कामर्स (आईसीसीसी) के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात

(दिनांक 07.04.22)




**विषय: इण्डो–कनाडा चैम्बर आफ कामर्स (आईसीसीसी) के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने कनाडा से आए एक प्रतिनिधि मंडल के साथ मुलाकात कर उनसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विकास को गति देने व जनकल्याण के मद्देनजर राज्य सरकार कनाडा में निवेश को लुभाने के लिए हेल्पडेस्क स्थापित करेगी। साथ ही हैल्पडैस्क स्थापित करने के लिए भारत सरकार से भी परामर्श लिया जाएगा। यह हैल्पडैस्क हरियाणवी एनआरआई व देश के अन्य एनआरआई उद्यमियों को सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की देगा जानकारी देगा।

कनाडा से आए हुए इस प्रतिनिधिमंडल ने इंडिया मिशन–2022 के तहत देश के विभिन्न शहरों जैसे कि दिल्ली, लखनऊ, जम्मू, अहमदाबाद का दौरा किया और इसी कड़ी इस प्रतिनिधिमंडल ने आज हरियाणा के मुख्यमंत्री से चण्डीगढ में मुलाकात की और विभिन्न विषयों पर चर्चा व विचार–विमर्श किया। इस प्रतिनिधिमंडल का इंडिया मिशन–2022 कार्यक्रम गत 26 मार्च से 9 अप्रैल के बीच रहेगा।


मुख्यमंत्री जी ने प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए कहा कि हम एग्रो आधारित उत्पादों को निर्यात करने के लिए बल देना चाहते हैं और इसी कडी में हैफेड के मार्फत बासमती चावल को कुछ देशों में निर्यात भी किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा कई क्षेत्रों में आगे है जैसे कि दोपहिया उत्पादन, कार उत्पादन व आटोमोबाईल उद्योग में राज्य का अग्रणी स्थान है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य ड्रोन, एयरोनोटिक्स, डाटा सेंटर, खाद्य प्रसंस्करण, पर्यावरण व कचरा निस्तारण के क्षेत्रों में अग्रणी कार्य करना चाहता है। इस मौके पर उन्होंने आईसीसीसी के सदस्यों को राज्य में इन क्षेत्रों सहित अन्य क्षेत्रों में अपने–अपने उद्यम व कार्यक्रम चलाने का निमंत्रण भी दिया।


## मिशन वचनपूर्ति की शुरुआत
(दिनांक 07.04.22)




**विषय: मिशन वचनपूर्ति की शुरुआत।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज कश्मीरी पंडितो का 30 साल का लंबा इंतजार मिशन वाचनपूर्ति के तहत उन्हें उनकी जमीन का हक देकर खत्म कर दिया। आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने 182 कश्मीरी पंडितों के परिवारों द्वारा बहादुरगढ़ में खरीदी गई जमीन का हक देने के लिए 'वचनपूर्ति' मिशन का शुभारंभ किया। और एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान इन परिवारों को आवंटन पत्र सोपें गए।

मुख्मंत्री जी ने कहा कि यह 'वचनपूर्ति' मिशन वर्तमान राज्य सरकार के कश्मीरी पंडितों की वित्तीय सहायता बंद करने विपक्ष के दावों पर करारा जवाब। वर्ष 1991 से 1993 तक झज्जर जिले के बहादुरगढ़ के सेक्टर –2 में कश्मीरी पंडितों के परिवारों द्वारा खरीदी गई जमीन का हक उन्हें नहीं मिल पाया था। उसे ही देने के लिए मिशन 'वचनपूर्ति' की घोषणा की। इससे अब इन परिवारों का तीन दशक लंबा इंतजार खत्म होगा और ऐसे 182 परिवारों को प्लॉट का आवंटन किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा के इतिहास में आज का दिन बड़ा ही ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि 1991 –1993 के दौरान कांग्रेस के कार्यकाल में जमीन खरीदने वाले कश्मीरी पंडितों के परिवारों का इंतजार आखिरकार आज खत्म हो गया है। इन 30 वर्षों में इन परिवारों ने अपनी जमीन पाने की उम्मीद लगभग खो ही दी थी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1997 में कुछ उपयुक्त संशोधन करने के बाद, कुछ भूखंड कश्मीरी पंडितों के





पक्ष में जारी किए गए थे। लेकिन जिन परिवारों को उस समय जमीन नहीं मिली उन्हें करीब तीन दशक तक इंतजार करना पड़ा। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल, 2022 को, उस समय दर्ज किए गए जमीन के माप के सत्यापन के बाद, ड्रा के माध्यम से उन्हें इस हक की अदाएगी की गई और आज 182 परिवारों को मालिकाना हक के कागजात सौंपे गए हैं। इसके अलावा, कुछ परिवारों को उनकी जमीन पहले ही मिल चुकी है। इस प्रकार, आज तक इस पूरी प्रक्रिया के माध्यम से कुल 209 परिवारों को प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए वचन की पूर्ति की गई है।

## मिशन अंत्योदय


**(दिनांक 07.04.22)**



**विषय: मिशन अंत्योदय।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट अंत्योदय मिशन के तहत बिना मांगे लोगो को योजनाओं का लाभ देकर विधिवत रूप से अंत्योदय की शुरुवात कर दी। विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहले ही इससे मिलना शुरू हो चुका था लेकिन सर्वे कार्य के चलते कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं को इससे जोड़ना बाकी था जिसकी शुरुवात आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में चंडीगढ़ से कर दी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इसके तहत पीपीपी से जोड़कर पीडीएस का पूरे प्रदेश में सर्वे किया जा रहा है जिसके चलते अभी तक दो जिलों में 80 हजार नए राशन कार्ड स्वतः बने चुके है। धीरे–धीरे दूसरे जिलों में सर्वे पूरा होने पर डाटा सामने आएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के तहत 1 लाख 80 हजार रुपये से कम आय वाले परिवारों की वैरिफिकेशन का कार्य चल रहा है। सर्वे के बाद सभी पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड स्वयं ही बन जाएंगे। इसके साथ ही जनकल्याण की



# साप्ताहिक सूचना पत्र

तीन प्रमुख योजनाओं को भी इससे जोड़कर चिह्नित लगभग 10,000 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत कर उन्हे राशि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री जी ने कहा की पीपीपी से सत्यापित लाभार्थियों को घर द्वार पर मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ।

हमने अब दफ़्तर, दस्तावेज़, और दरखास्त से लोगो को आज़ादी दे दी है। और आमजन के चेहरे पर खुशी देखना ही मेरी सबसे बड़ी कमाई। इसके साथ ही आयुश्मान भारत योजना में 3 लाख नए लाभार्थियों को भी इस अवसर पर जोड़ा गया। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अब पीपीपी के माध्यम से ही मिलेगा वृद्धावस्था पेंशन का लाभ।


मुख्यमंत्री ने बताया कि सत्यापन के बाद 6,618 व्यक्तियों का डेटा जिला समाज कल्याण अधिकारियों को भेजा गया है और वे इन लाभार्थियों को पेंशन लाभ जारी करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 4,698 लाभार्थियों ने अपने पेंशन लाभ जारी करने के लिए सहमति दी है, जबकि 1430 व्यक्तियों ने अपनी वित्तीय स्थिति के कारण उक्त लाभ लेने से मना भी किया है।

## रोहतक दौरा
**(दिनांक 09.04.22)**




**विषय: रोहतक दौरा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने रोहतक पहुंचकर महर्शि दयानंद यूनिवर्सिटी के 'एलुमनी–मीट–2022' कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रत्येक एलुमनी को अपने संस्थान के लिए कुछ न कुछ दान अवष्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री की इसी अपील पर कई एलुमनी ने लाखों की राशि व अपने–अपने क्षेत्र की स्किल का योगदान देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रत्येक एलुमनी (पूर्व छात्र) को अपने पूर्व विद्या–संस्थान में 'गुरु–दक्षिणा' के तौर पर कुछ न कुछ अवष्य दान करना चाहिए, क्योंकि कोई भी संस्था अपने एलुमनी के दम पर ही बेहतर ढंग से प्रगति कर सकती है। जब एक पूर्व छात्र अपने संस्थान में पहुंचता है तो उसकी पुरानी स्मृतियां ताजा हो जाती हैं। उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों की स्मृतियों के पन्ने पलटते हुए कहा कि वे रोहतक के पंडित नेकीराम शर्मा कॉलेज के विद्यार्थी रहे हैं, उनको हर वो जगह याद है जहां वे अपने सहपाठियों के साथ बैठकर पढ़ते थे, खेलते थे। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थान भी हमारे घर जैसा होता है, हर विद्यार्थी का उससे पारिवारिक सदस्य की तरह जुड़ाव रहता है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

मुख्यमंत्री जी ने एलुमनी–मीट का महत्व बताते हुए कहा कि अमेरिका की 273 वर्ष पुरानी यूनिवर्सिटी प्रिंसटन–यूनिवर्सिटी से हारवर्ड जैसी विश्व की कई यूनिवर्सिटीज में एलुमनी–मीट का आयोजन किया जाता है। इन यूनिवर्सिटीज की प्रगति में इनके एलुमनी का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने एलुमनी की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि आप सब का दायित्व बनता है कि इस यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छोटे भाई–बहनों का मार्गदर्शन, फीस या अन्य प्रकार से सहयोग करें।

इसके बाद माननीय मुख्यमंत्री जी ने IIM पहुंचकर वहां के दीक्षांत सम्हारोह में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की युवा अपनी मैनेजमेंट स्किल का उपयोग समाज व देशहित में भी करें। ज्ञान के साथ अनुभव का होना भी जरूरी है इसलिए जीवन में जितना हो सके अनुभव से सीखें।

उन्होंने कहा कि ज्ञान के साथ–साथ अनुभव का होना बेहद जरूरी है । जब तक अनुभव नहीं होता तब तक ज्ञान अधूरा होता है। उन्होंने कहा कि जीवन में संतुलन बनाए रखना ही व्यक्तिगत प्रबंधन के साथ–साथ व्यवसायिक प्रबंधन में भी उचित होता है। युवाओं को लक्ष्य की ओर जाने का सार्थक प्रयास करना चाहिए और मैनेजमेंट की दिशा तय करनी चाहिए। युवाओं को अपने हुनर का प्रयोग गलत दिशा में नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैनेजमेंट छोटा या बड़ा नही होता, इसके लिए हुनर और अनुभव का होना आवष्यक है। माननीय मुख्मंत्री जी तत्पष्चात अपने गांव और स्कूल भी गए जहां पहुंचकर वो अपनी बचपन की यादों को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी। गांव भाली व बनियानी के विकास के लिए करीब 4 करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की। साथ ही अपने स्कूल के बने ने भवन का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा की भाली आनंदपुर मेरा अपना गांव है और मैं यहां एक मुख्यमंत्री के नाते नहीं बल्कि मनोहरलाल के नाते से आया हूं।


## संत रविदास विश्व महापीठ महोत्सव

(दिनांक 10.04.22)



**विषय:** संत रविदास विश्व महापीठ महोत्सव।

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी कुरुक्षेत्र में संत रविदास विश्व महापीठ के 5वें राष्ट्रीय अधिवेशन में पहुंचे। मुख्यमंत्री जी ने रविदास जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने पूरी मानवता के विकास और सामाजिक परिवर्तन के लिए अलख जगाई। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास ने सामाजिक परिवर्तन एवं मानवता के विकास के लिए जो अलख जगाई, उसकी रोशनी आज भी समाज का पथ–प्रदर्शन कर रही है। ऐसे महान लोग किसी एक जाति





या संप्रदाय के गुरु नहीं थे, अपितु पूरी मानव जाति के पथ–प्रदर्शक थे। उनकी शिक्षाओं, विचारों को आज प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इस महान गुरु का जन्म 644 वर्ष पहले हुआ, लेकिन उनकी वाणी और शिक्षाएं इतनी अमर है कि वे आज भी नवीन प्रतीत होती है। संत शिरोमणि गुरु रविदास किसी एक जाति या संप्रदाय के गुरु नहीं थे, वे पूरी मानव जाति के पथ–प्रदर्शक थे। उनकी शिक्षाएं पूरी मानवता के लिए थी। उनकी वाणी, आदर्श और शिक्षाएं आज भी अजर–अमर है और सदा मानवता के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेंगी।


## पंचकूला जन प्रगति रैली
**(दिनांक 10.04.22)**



**विषय: पंचकूला जन प्रगति रैली।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला पहुंचकर जन विकास रैली को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुरुग्राम के बाद पंचकूला होगा विश्व दर्शन का आदर्श महानगर। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला महानगरीय विकास प्राधिकरण की विधिवत शुरूआत भी कर दी। उन्होंने कहा कि आरंभ में 175 करोड़ रुपये की दो बड़ी परियोजनाओं पर प्राधिकरण काम करेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा की जिन नेताओं ने पंचकूला को शहर के रूप में बसाया, उन्होंने की अनदेखी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। हम सरकारी विभागों व कार्यालयों की दृष्टि से प्रदेश की मिनी राजधानी कहे जाने वाले



# साप्ताहिक सूचना पत्र




पंचकूला को वे विकसित पंचकूला बनाएंगे और गुरुग्राम के बाद पंचकूला विश्व दर्शन का देश का दूसरा आदर्श महानगर होगा। पंचकूला शहर का हर क्षेत्र में विकास किया जाएगा चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, उद्यम हो या सेवा क्षेत्र की परियोजनाएं हों। उन्होंने कहा कि पंचकूला शिवालिक की तलहटी में बसा गेटवे ऑफ हरियाणा है। जिन नेताओं ने पंचकूला को एक छोटे से गांव से शहर के रूप में बसाया था और उसे आदर्श शहर बनाने का वायदा किया था सत्ता में आने के बाद वे उसे भूल गए और सभी परियोजनाएं गुरुग्राम में लेकर चले गए। हालांकि, गुरुग्राम प्रदेश की आर्थिक राजधानी है और यह विश्व के आईकन शहरों में शामिल है। विश्व की 200 से अधिक जानी–मानी फार्चून कंपनियों के कार्यालय गुरुग्राम में हैं। अतः उन्होंने आश्वासन दिया कि पंचकूला को भी गुरुग्राम के बराबर विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि खेलों की दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल स्टेडियम ताऊ देवी लाल स्टेडियम, पंचकूला में ही है। आगामी जून माह में इसी स्टेडियम में 'खेलो इंडिया' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 14 हजार से अधिक खिलाडियों के भाग लेने की संभावना है। इसी प्रकार, यहां पर मोरनी में टिक्कर ताल में एअर स्पोर्ट्स और वाटर स्पोर्ट्स व साहसिक खेलों की शुरूआत की गई है और पर्यटन की दृष्टि से पंचकूला एक उपयुक्त स्थल के रूप में उभर चुका है। उन्होंने कहा कि पंचकूला खेल, पर्यटन की दृष्टि से आदर्श शहर तो बनेगा ही और यहां स्थित श्री माता मनसा देवी मंदिर के कारण आध्यात्मिक दृष्टि से भी यह जिला प्रसिद्ध है। हम पंचकुला को किसी भी रूप में पीछे नहीं रहने देंगे।